शाहरुख खान ने सुलझाये पीएचडी स्कॉलर के बाल

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान भले ही पिछले काफी वक्त से सिल्वर स्क्रीन से दूर हैं लेकिन वास्तव में शाहरुख खान को एक सुपरस्टार उनकी फिल्में नहीं बल्कि उनका दिलदार नेचर बनाता है. शाहरुख खान डेविड लेटरमैन के शो में खुद ये बात कह चुके हैं कि लोग उन्हें प्यार करते हैं क्योंकि वो लोगों को प्यार करते हैं. आप जो देते हो वही आपको वापस मिल जाता है. हाल ही में शाहरुख खान का एक वीडियो सामने आया जिसमें उनका स्वीट नेचर फिर नजर आया. शाहरुख गोपिका नाम की एक पीएचडी स्टूडेंट को सम्मानित करने के लिए पहुंचे थे. गोपिका ने ला ट्रोब यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप जीती है. जब शाहरुख गोपिका को सम्मानित कर रहे थे तभी कुछ ऐसा हुआ जिसने लोगों का ध्यान खींचा. हुआ ये कि गोपिका को स्टेज पर फोटो खिंचवाने के लिए व्हाइट कोट पहनना था. जब वह कोट पहन रही थीं तो गोपिका के बाल कोट में फंस गए. इसके बाद शाहरुख खान ने गोपिका की मदद की और आहिस्ता से उनके बाल कोट से बाहर निकाले और फिर उन्हें ठीक से सेट कर दिया ताकि तस्वीर ठीक आ सके. गोपिका इस दौरान मुस्कुराती रहीं और जब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो शाहरुख के कायल हुए लोगों ने तारीफों के पुल बांध दिए. एक यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिखा- वो शाहरुख खान है दोस्तों. वो हमेशा हमारा दिल जीत लेता है. किसी ने उन्हें किंग ऑफ रोमांस कहा तो किसी ने उन्हें रियल जेंटलमैन कहा. बता दें कि साल 2019 में शाहरुख खान की एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज नहीं हुई है. वह पिछली बार फिल्म जीरो में बॉक्स ऑफिस पर नजर आए थे. शाहरुख खान की लगातार कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो जाने के बाद अवह वह कुछ दिनों का ब्रेक ले रहे हैं.